Further, it is primari'y for the State Government to initiate enquiries as to the special development of any particular region.

आयकर क्लर्कों को प्रशिक्षण

2511. श्री रबी राय :
श्री मधु लिमये :
श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :
श्री एस० एम० जोशी :
डा० राम मनोहर लोहिया :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आय कर जांच आयोग तथा कर जांच आयोग, का इन सिफारिशों के बावजूद कि आयकर विभाग के क्लर्कों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाय, इन क्लर्कों को अपने काम का पूरा प्रशिक्षण नहीं दिया जाता जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश आय पर आयकर नहीं लग पाता; और

(ख) यदि हा, तो आयकर विभाग के क्लर्कों को प्रशिक्षण देने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है?

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) जी, नहीं। आयकर विभाग में उच्च श्रेणी लिपिकों और निम्न श्रेणी लिपिकों को प्रशिक्षण देने के लिये व्यवस्था है।

(ख) समस्त नव नियुक्त निम्न-श्रेणी लिपिकों और उच्च श्रेणी लिपिकों को छः सप्ताह से कुछ अधिक अवधि तक का मूलाधार पाठ्यक्रम प्रशिक्षण दिया जाता है जिन उच्च श्रेणी लिपिकों तथा निम्न श्रेणी लिपिकों ने विभाग में दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उनको छः सप्ताह से कुछ अधिक अवधि तक का उच्चतर पाठ्यक्रम प्रशिक्षण दिया जाता है।

शांति के लिए जल कार्यक्रम सम्मेलन

2512. श्री मोहन स्वरूप : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शांति के लिये जल कार्यक्रम पर विचार करने के लिये अमरीका में 100 देशों का एक सम्मेलन बुलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस सम्मेलन में भाग लेने का है; और

(ग) क्या सम्मेलन के लिये कोई कार्यक्रम तैयार किया गया है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) अमरीका सरकार ने वाशिंगटन में 23 मई से 31 मई, 1967 तक शान्ति के लिए जल पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का नियोजन किया था। बहुत से देशों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

(ख) भारत से तीन व्यक्तियों का एक शिष्टमण्डल भेजा गया था।

(ग) इस सम्मेलन के कार्यक्रम में यह बा.i परिकल्पित थी---संसार भर की जल संबंधी समस्याओं में सादृश्यता; इन समस्याओं के समाधान के लिए अवसर व उपायों के संबंध में विचार विमर्श, और स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जल विकास के सार्थक कार्यक्रम में जान डालने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग का अन्वेषण।

Appeal by Income Tax Assessees

2513. **Shri Virendrakumar Shah:** Will the Minister of Finance be pleased to state:

(a) the number of appeals by Income Tax Assessees decided by the following authorities in each of the last 3 financial years:—

(1) Appellate Assistant Commissioners of Income Tax;